सार-समाचार

चौहान दंपति ने आयरनमैन ट्रायथलॉन का खिताब जीता

कोटा, (निसं)। न्यूज़ीलैंड में आयोजित प्रतिष्ठित आयरनमैन ट्रायथलॉन प्रतियोगिता में कोटा में निवास कर रहे जोधपुर के महेन्द्र सिंह चौहान और उनकी पत्नी मीना कंवर राठौड़ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। इस उपलब्धि के साथ महेन्द्र सिंह चौहान ने लगातार पाँचवीं बार आयरनमैन प्रतियोगिता सफलतापूर्वक पूरी की, जबकि मीना कंवर राठौड़ ने लगातार तीसरी बार यह खिताब हासिल कर हैट्रिक बनाई। आयरनमैन ट्रायथलॉन दुनिया की सबसे कठिन सहनशक्ति प्रतियोगिताओं में से एक मानी जाती है। इसमें कुल 226 किलोमीटर की दूरी तय करनी होती है, जिसमें 3.86 किलोमीटर तैराकी, 180.25 किलोमीटर साइकिलिंग और 42.2 किलोमीटर की पूर्ण मैराथन दौड़ शामिल होती है। प्रतिभागियों को यह पूरी चुनौती निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरी करनी होती है। चौहान दंपति ने दृढ़ संकल्प, अनुशासन और निरंतर अभ्यास के दम पर इस कठिन प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक पूरा कर न केवल जोधपुर बल्कि पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से खेल प्रेमियों और युवाओं में उत्साह का माहौल है। चौहान दंपति ने अपनी सफलता का श्रेय परिवार, मित्रों और अपने कोच के मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने कहा कि कठिन परिश्रम, धैर्य और सकारात्मक सोच से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

सुधा मुख्य संरक्षक महिला प्रकोष्ठ नियुक्त

कोटा, (निसं)। कान्यकुब्ज ब्राह्मण सभा कोटा द्वारा एक कार्यक्रम के दौरान संरक्षक, समिति सलाहकार, समिति के वरिष्ठजन एवं अन्य गणमान्य लोगों उपस्थिति में कई पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई। महासचिव पंडित दीपराज दुबे ने बताया कि कान्यकुब्ज ब्राह्मण सभा में महिला प्रकोष्ठ का गठन भी किया गया जिसमें मुख्य संरक्षक सुधा वाजपेयी को बनाया गया साथ ही अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ अनुपमा अग्निहोत्री को बनाया गया। इसके साथ ही सलाहकार गायत्री दीक्षित, सुमित्रा त्रिपाठी, डॉ.अर्चना शुक्ला, अंजना दीक्षित, रश्मि शुक्ला, सलाहकार समिति में मनोनीत किया गया। कार्यकारिणी महिला प्रकोष्ठ. (महिला मंत्री) डॉ.प्रीति पाठक, सपना त्रिपाठी, रजनी तिवारी, भावना दुबे, अर्चना दुबे, रंजना त्रिवेदी, नीलम मिश्रा, निशा चतुर्वेदी, अनीता पांडे, ममता दीक्षित, रेखा पांडे, डॉ. दिव्या दुबे को मनोनित किया गया। कार्यकारिणी सदास्या महिला प्रकोष्ठ में डॉ.ज्योति तिवारी, शालिनी पाठक, पूनम त्रिपाठी किरण त्रिपाठी, रेखा दुबे, अनुपम अवस्थी सहित सभी को अखिल भारतीय कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासभा की राष्ट्रीय महामंत्री महिला प्रकोष्ठ डॉ.ऋषिका दुबे द्वारा पद एवं गोपनियता की शपथ दिलाई गई। कन्य कुब्ज ब्राह्मण सभा की नव मनोनीत अध्यक्ष (महिला प्रकोष्ठ) ने महिला सशक्तिकरण, उनकी शिक्षा और उनके स्वरोजगार तथा स्वास्थ्य के लिए प्रतिबद्ध होकर प्रयास करने का वादा किया है। कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासभा कोटा के अध्यक्ष दीपक राज दुबे एवं समस्त कार्यकारिणी ने नवनियुक्त अध्यक्ष, महिला अध्यक्ष एवं सभी महिला मंत्री एवं कार्यकारिणी सदस्यों को बधाई दी।

मनीष माहेश्वरी हर माह दो बार डोनेट करते हैं एसडीपी

कोटा, (निसं)। टीम जीवनदाता के सेवा कार्य सालों से निरंतर, निस्वार्थ जारी हैं, कोटा ही नहीं दूसरे प्रदेश के लोगों की भी मदद का यह सिलसिला अनवरत जारी है। लायंस क्लब कोटा टेक्नो के निदेशक व टीम जीवनदाता के संरक्षक व संयोजक भुवनेश गुप्ता ने बताया कि गुना मध्यप्रदेश निवासी चंचल को ब्लड चढ़ाया गया लेकिन उनकी तबीयत ठीक नहीं होने पर उन्हें बी पॉजीटिव एसडीपी की आवश्यकता हुई। निजी अस्पताल के बाहर स्थित मेडिकल स्टोर संचालक विठ्ठल ने मदद के लिए कहा उसके बाद मैसेज भेजे गए और आशीष खंडेलवाल ने आने की स्वीकृति दी, लेकिन उससे पहले ही मनीष माहेश्वरी अपना ब्लड सेंटर तलवंडी पहुंचे और उन्होंने अपने जीवन की 76 एसडीपी डोनेट की। वह 25 बार ब्लड डोनेशन कर चुके हैं। इस दौरान नितिन मेहता, आशीष खंडेलवाल ने पहुंचकर मनीष माहेश्वरी को एसडीपी डोनेशन के लिए शुभकामनाएं देकर उत्साहवर्धन किया। इस कार्य में मनीष की पत्नी रेखा भी उन्हें हमेशा मोटिवेट करती हैं, जिसके फलस्वरूप मनीष माहेश्वरी माह में दो बार लगातार एसडीपी डोनेशन करते चले आ रहे हैं। वह जीवन की सफलता में सेवा को महत्वपूर्ण मानते हैं व संकल्पित होकर इस अभियान में सदैव सहयोग करने का संदेश देते हुए आगे बढ़ रहे हैं।

सिन्धी समाज की सात खासियतें प्रतियोगिता

कोटा, (निसं)। विश्व सिंधी सेवा संगम की कोटा इकाई के अध्यक्ष प्रेम भाटिया ने बताया कि 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर षसिन्धी समाज की सात खासियतें प्रतियोगिता का आयोजन किया था उसके 11 विजेताओं का मंगलवार को एक समारोह में पुरुस्कृत किया गया। सचिव किशन रतनानी ने बताया कि विजेताओं जयपुर की नमीषा खेमनानी, गुड़गांव की मानसी मूलचंदानी, भोपाल की रीना सचदेव, कोटा के डॉ.हर्ष राजदीप, रमेश मेहबूबानी, एडवोकेट राज ठाकुर, रितु इसरानी, मुरलीधर अलरेजा, नीलम माखीजा, हीरल नाथानी, भागवंती खूबचंदानी ने कार्यक्रम में अपने अनुभव बताए। कोषाध्यक्ष मोहन इसरानी ने बताया कि जिन खासियतों का जिक्र प्रतिभागियों ने किया वे हैं, मदद की भावना, मेहमान नवाजी व व्यंजन, मिलनसार, मेहनती, महिलाओं को फैसले लेने में शामिल करते हैं, मुश्किल परिस्थितियों में तनाव प्रबंधन में कुशल, मान्यताओं के रक्षक व संस्कृति के संवाहक, महाजन अर्थात कुशल व्यापारी, महापुरुषों को मान देने वाले आदि शामिल हैं। प्रारम्भ में कोषाध्यक्ष मोहन इसरानी ने स्वागत किया, सदस्य महेश रूपचंदानी, हरीश जगवानी, नीना नाथानी, बजरंग सुखवानी व उप महाप्रबंधक रजनी ने भी अपने विचार रखे।

लक्ष्य प्राप्ति यज्ञ का आयोजन

छबड़ा (निसं)। आदर्श विद्या मंदिर में विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य एवं लक्ष्य प्राप्ति की कामना के साथ लक्ष्य प्राप्ति यज्ञ का भव्य एवं श्रद्धापूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक भार्गव (अध्यक्ष, प्रबंध समिति) रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य अमृतलाल मीणा ने की। यज्ञ का विधि-विधान से वेदाचार्य महेश शर्मा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सम्पन्न कराया गया। परीक्षा प्रभारी ललित गालव एवं घनश्याम वर्मा ने बताया कि इस अवसर पर मुख्य अतिथि अशोक भार्गव ने अपने उद्बोधन में कहा कि यज्ञ भारतीय संस्कृति की महान परंपरा है, जो व्यक्ति को सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करती है तथा जीवन में उच्च लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित करती है। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, अनुशासन और संस्कारों के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया।

यशवंतपुर-बीकानेर-यशवंतपुर एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन का संचालन

■ यह गाड़ी कोटा मंडल के भवानीमंडी, रामगंजमंडी, कोटा जंक्शन एवं सवाई माधोपुर जंक्शन स्टेशनों से होकर गुजरेगी

कोटा (निसं)। यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन द्वारा यशवंतपुर-बीकानेर-यशवंतपुर के मध्य स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जा रहा है।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि गाड़ी संख्या 06543 (यशवंतपुर-बीकानेर) का संचालन 11 मार्च से 25 मार्च तक प्रत्येक बुधवार को कुल 3 फेरों के लिए किया जाएगा। यह ट्रेन निर्धारित तिथियों में यशवंतपुर स्टेशन से 7.00 बजे प्रस्थान कर तीसरे दिन शुक्रवार को 00.03 बजे भवानीमंडी, 00.28 बजे रामगंजमंडी, 2.20 बजे कोटा जंक्शन तथा 4.10 बजे सवाई माधोपुर जंक्शन पर ठहराव लेते हुए 15.00 बजे बीकानेर पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 06544 (बीकानेर-यशवंतपुर) का संचालन 14 मार्च से 28मार्च तक प्रत्येक शनिवार को कुल 3 फेरों के लिए किया जाएगा।

यह ट्रेन बीकानेर स्टेशन से 1.00 बजे प्रस्थान कर 11.10 बजे सवाई माधोपुर जंक्शन, 12.45 बजे कोटा जंक्शन, 13.48 बजे रामगंजमंडी तथा 14.13 बजे भवानीमंडी पर ठहराव लेते हुए तीसरे दिन सोमवार को प्रातः 4.00 बजे यशवंतपुर पहुंचेगी। यह गाड़ी रास्ते में दोनों दिशाओं में यशवंतपुर जंक्शन, तुमकुर, अरसिकेरे जंक्शन, बिरूर जंक्शन, दावणगेरे, हरिहर, हावेरी, एसएसएस हुब्बल्ली जंक्शन, धारवाड़, बेलगावी, घाटप्रभा, मिराज जंक्शन, सांगली, किर्लोस्करवाड़ी, कराड, सतारा, पुणे जंक्शन, लोनावला, कल्याण जंक्शन, भिवंडी रोड, वसई रोड, वापी, वलसाड, सूरत, वडोदरा जंक्शन, गोधरा जंक्शन, दाहोद, बामनिया, रतलाम जंक्शन, नागदा जंक्शन, भवानीमंडी, रामगंजमंडी, कोटा जंक्शन, सवाई माधोपुर जंक्शन, दुर्गापुरा, जयपुर जंक्शन, रिंगस जंक्शन, सीकर जंक्शन, चूरू, रतनगढ़ जंक्शन तथा श्री डूंगरगढ़ स्टेशनों पर ठहराव लेकर गंतव्य को जाएगी। इस विशेष ट्रेन में 5 सामान्य श्रेणी, 11 शयनयान श्रेणी, 3 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी एवं 2 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के डिब्बे सहित कुल 23 डिब्बे होंगे।

इंदौर-नई दिल्ली-इंदौर सुपरफास्ट एक्सप्रेस का हिसार तक विस्तारः- यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन द्वारा 11 मार्च से गाड़ी संख्या 20957/20958 इंदौर-नई दिल्ली-इंदौर सुपरफास्ट एक्सप्रेस का विस्तार नई दिल्ली से आगे हिसार स्टेशन तक किया गया है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि गाड़ी संख्या 20957 इंदौर-नई दिल्ली सुपरफास्ट एक्सप्रेस अब नई दिल्ली से आगे हिसार तक संचालित होगी, जबकि वापसी में गाड़ी संख्या 20958 हिसार-इंदौर सुपरफास्ट एक्सप्रेस के रूप में चलेगी। यह ट्रेन मार्ग में इंदौर जंक्शन, बड़नगर, रतलाम जंक्शन, खाचरोद, नागदा जंक्शन, शामगढ़, रामगंजमंडी, कोटा जंक्शन, सवाई माधोपुर जंक्शन, भरतपुर जंक्शन, मथुरा जंक्शन, दिल्ली सफदरजंग, शकूरबस्ती, रोहतक जंक्शन, महम, हांसी तथा सतरौद स्टेशनों से होकर हिसार जाएगी।

अभिभाषक परिषद द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में हुए मैच

कोटा, (निसं)। अभिभाषक परिषद कोटा द्वारा आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में आज क्रिकेट प्रतियोगिता के दो मैच खेले गए पहला मैच टीम जसदीप बरार व बार एसोसिएशन दिगोद के मध्य खेला गया पहले मैच के लिये टॉस बार एसोसिएशन कोटा के पूर्व महासचिव रामबाबू मालव ने सिक्का उछाल कर किया।

अभिभाषक परिषद के महासचिव शंभू सोनी ने बताया कि पहले खेलते हुए टीम जसदीप बरार ने 20 ओवर में सात विकेट खोकर 235 रन बनाए, स्कोर का पीछा करने उतरी दीगोद की टीम 16 ओवर में 100 रन के स्कोर पर ही सिमट गई।

उत्पल शर्मा मैन ऑफ द मैच रहे। वहीं दूसरा मैच टीम नवीन शर्मा तथा अभिभाषक परिषद बारां की टीम के मध्य खेला गया जिसका टॉस दुर्लभ चौहान एडवोकेट द्वारा किया गया। टीम नवीन शर्मा की टीम मात्र 11 ओवर खेल कर 35 ओवर में ही ढेर हो गई, जवाब में बारां की टीम ने 5 ओवर में तीन विकेट खोकर जीत हासिल की बारां टीम के नरेश सुमन को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। प्रतियोगिता में कल के मैच भी दो मैच खेले जायेंगे।

आवास मेला 13 मार्च को

बूंदी (निसं)। नगर परिषद बूंदी द्वारा मुख्यमंत्री जन आवास योजना-2015 के अंतर्गत आवास के सपने साकार करने के लिए 13 मार्च को प्रातः10 से शाम 5 बजे तक आवास मेला का आयोजन किया जा रहा है। गांधीग्राम रोड स्थित योजना स्थल पर आयोजित होने वाले इस मेले में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और अल्प आय वर्ग के लाभार्थियों को बडी राहत दी जाएगी। नगर परिषद आयुक्त ने बताया कि जिन लाभार्थियों को फ्लैट आवंटित हो चुके हैं लेकिन उनकी किश्तें बकाया हैं, उनके लिए यह एक बेहतरीन अवसर है। यदि आवंटिती 31 मार्च तक अपनी बकाया राशि एकमुश्त जमा करवाते हैं, तो उन्हें विलंब शुल्क (ब्याज/शास्ति) में 100 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। इससे अधिक से अधिक लोगों को वित्तीय बोझ से राहत मिलेगी।

गौशाला की भूमि को उपस्वास्थ्य केंद्र के लिए आवंटित किए जाने पर नाराजगी

छबड़ा (निसं)। चांचैड़ा में वर्तमान में संचालित हो रही गौशाला की भूमि को उपस्वास्थ्य केंद्र के लिए आवंटित किए जाने पर गौप्रेमियों व ग्रामीणों में गहरी नाराजगी हैं। न्यू नंदनी रामजानकी गौशाला के तत्वावधान में ग्रामीणों ने एसडीएम को जिला कलेक्टर के नाम का ज्ञापन सौंपकर उपस्वास्थ्य केंद्र के लिए अन्यत्र भूमि आवंटित किए जाने की मांग की अन्यथा विरोध प्रदर्शन कर आमरण अनशन की चेतावनी दी हैं।

नवल किशोर शर्मा, शंकरलाल, राकेश वैष्णव, गोकुल, रामदयाल, सोनाथ, सीताराम, घनश्याम मालव, हंसराज आदि ने बताया कि जिला कलेक्टर के नाम दिए ज्ञापन में अवगत करवाया कि चांचैड़ा में खसरा नम्बर 882 रकबा 0.6070 हेक्टेयर में ग्रामीणों द्वारा गौ सेवार्थ के लिए गौशाला संचालित की गई हैं, जो पिछले 5-6 वर्षों से संचालित हो रही है। उक्त भूमि में से आराजी 0.1265 हैक्टेयर भूमि को सिवायचक में दर्ज कर उप स्वास्थ्य केंद्र बनाए जाने के लिए जिला कलैक्टर द्वारा दो जनवरी 2025 को भूमि आवंटित कर दी गई। ग्रामीणों का कहना है कि सरपंच (प्रशासक) सहित अन्य पंचायत स्तरीय अधिकारियों ने ग्रामीणों की बिना सहमति लिए ही प्रस्ताव ले लिया हैं। उनका आरोप है कि सरपंच द्वारा स्वयं को आर्थिक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से प्रस्ताव बनाकर भेज दिया। जबकि वास्तविकता यह है कि इसके लिए न ही भौतिक सत्यापन किया गया और न ही ग्रामीणों से रायशुमारी की गई।

ग्रामीण स्वयं के स्तर पर कर रहे देखभालः- गौशाला में लगभग 100-150 गाये है, जिनकी देखभाल ग्रामीणों द्वारा अपने स्तर पर कर रहे हैं। ग्रामीणों ने जन सहयोग से अपने स्तर पर ही टीन शेड निर्माण, चारे के लिए भण्डारण, पानी के लिए होदी, चारो तरफ पत्थरो की बाउंड्री बना रखी हैं। गौशाला के समीप सरकारी भूमि भी स्थित हैं, जिस पर असामाजिक तत्वों द्वारा अतिक्रमण कर रखा हैं। अगर यहां उपस्वास्थ्य केंद्र बनता हैं तो फसलों में व्यापक नुकसान होगा।

रेजोनेंस और नेवी वेलफेयर एंड वेलनेस एसोसिएशन के बीच शैक्षणिक सहयोग समझौता

कोटा, (निसं)। देश के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान रेजोनेंस कोटा और भारतीय नौसेना की नेवी वेलफेयर एंड वेलनेस एसोसिएशन के बीच एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक सहयोग समझौता संपन्न हुआ है।

इस समझौते के अंतर्गत रेजोनेंस द्वारा भारतीय नौसेना के कर्मचारियों के बच्चों को जेईई एवं नीट की कोचिंग में 100 प्रतिशत तक छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर नेवी वेलफेयर एंड वेलनेस एसोसिएशन की अध्यक्ष शशि त्रिपाठी ने समझौते पर हस्ताक्षर कर इस पहल को औपचारिक प दिया। कार्यक्रम में कमोडोर एस. एम. उ ज अथर (नेवल एजुकेशन) की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई।

रेजोनेंस के एग्जीक्यूटिव प्रेसिडेंट एवं केमिस्ट्री विभागाध्यक्ष शिव प्रताप रघुवंशी ने बताया कि देश की सुरक्षा में समर्पित सैनिकों के प्रति आभार व्यक्त करने के उद्देश्य से यह पहल की गई है। उन्होंने कहा कि संस्थान का उद्देश्य विभिन्न सामाजिक वर्गों के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराना है, ताकि वे जेईई और नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर अपने सपनों को साकार कर सकें।

रेजोनेंस द्वारा समाजहित में कई विशेष छात्रवृत्ति कार्यक्रम संचालित किए जाते हैं। इसके अंतर्गत पुलिस, आर्मी, पैरामिलिट्री बलों, सीआरपीएफ तथा भारतीय रेल सेवा के कर्मचारियों के बच्चों को भी विशेष छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। इसके अलावा हिंदी माध्यम के विद्यार्थियों, छात्राओं तथा सिंगल मदर के बच्चों के लिए भी संस्थान के पाठ्यक्रमों में छात्रवृत्ति की व्यवस्था है।

इस समझौते के माध्यम से भारतीय नौसेना के भूतपूर्व कर्मचारियों तथा शहीद सैनिकों के परिवारों (सहारा परिवार) के बच्चों को भी लाभ मिलेगा। रेजोनेंस परिवार ने कोटा की कोचिंग व्यवस्था पर विश्वास जताने के लिए भारतीय नौसेना के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।

गृह रक्षा स्वयंसेवकों के 53 पदों के लिए नामांकन 19 मार्च से

बूंदी (निसं)। गृह रक्षा प्रशिक्षण केंद्र, बूंदी के वर्ष 2022 की नामांकन प्रक्रिया का इंतजार खत्म हो गया है। निदेशालय, गृह रक्षा राजस्थान जयपुर द्वारा गठित चयन समिति के निर्देशन में आगामी 19 मार्च से 21 मार्च तक नामांकन प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। बूंदी केंद्र के रिक्त 53 पदों के लिए इस बार कडा मुकाबला देखने को मिलेगा, जिसमें कुल 8465 अभ्यर्थी अपना भाग्य आजमाएंगे। यह चयन प्रक्रिया गृह रक्षा प्रशिक्षण केंद्र, कोटा के परेड ग्राउंड में संपन्न होगी। नामांकन प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए निदेशालय द्वारा एक विशेष चयन बोर्ड (समिति) का गठन किया गया है।

जिला सलाहकार समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक हुई

बूंदी (निसं)। जिला सलाहकार समिति और जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में बैंकों की वार्षिक साख योजना की प्रगति की समीक्षा की गई और लंबित ऋण आवेदनों का शीघ्रता से निस्तारण करने और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामकिशोर मीणा ने कहा की भारत की अर्थव्यवस्था को बढावा देने के लिए औद्योगीकरण आवश्यक है और यह केवल तभी संभव है जब अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति को स्वयं के उद्योग लगाने के लिए आसानी से ऋण उपलब्ध हो सके साथ ही कृषि उद्योग को बढ़ावा देने के लिए उद्योगपतियों के साथ-साथ प्रगतिशील कृषकों को ऋण राशि उपलब्ध करवाई जावें ताकि वे स्वयं के उद्योग स्थापित कर भारत की प्रगति में योगदान दे सकें। बैठक में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की अग्रणी जिला अधिकारी मृदुला माहेश्वरी ने जिले के बैंकों द्वारा वार्षिक साख योजना के तहत निर्धारित लक्ष्यों में अब तक हासिल की गई प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने निर्देश दिए कि सरकार द्वारा संचालित पीएम विश्वकर्मा योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार, पीएम स्वनिधि, मुख्यमंत्री नारी शक्ति प्रोत्साहन योजना सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत लंबित आवेदन पत्रों का निस्तारण समयबद्ध और न्यायसंगत तरीके से सुनिश्चित किया जाएं।

14 किलो अवैध मादक पदार्थ अफीम सहित दो गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। मादक पदार्थ की तस्करी व तस्करों की धरपकड़ के लिये नारकोटिक्स ब्यूरो टीम ने चलाये जा रहे अभियान के तहत् कार्यवाही करते हुए अवैध मादक पदार्थ 14.300 किलोग्राम अवैध अफीम बरामद कर मोटरसाईकिल सवार दो आरोपियो को गिरफ्तार किया। उक्त कार्यवाही केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो के उप नारकोटिक्स आयुक्त नरेश बुंदेल के निर्देशन में की गई। उप नारकोटिक्स आयुक्त नरेश बुंदेल ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि एक मोटरसाइकिल से भाटखेड़ा चौराहे से मल्हारगढ़ की ओर भारी मात्रा में अवैध अफीम ले जाई जा रही है, उक्त सूचना पर सीबीएन चित्तौड़गढ़ 2 डिवीजन के अधिकारियों की एक टीम बनाई गई और टीम को मौके पर भेजा गया।

ईनामी आरोपी गिरफ्तार

छीपाबड़ौद (निसं)। बारां,जिले में फरार अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत पुलिस को सफलता मिली है। एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में दो साल से फरार चल रहे दो हजार रुपये के इनामी आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक अभिषेक अंदासु ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश चौधरी के सुपरविजन और छबड़ा डीएसपी ताराचंद के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई की।

कमर्शियल गैस सिलेंडर सप्लाई पर रोक से शादी-विवाह की तैयारियां प्रभावित

■ हाड़ौती हलवाई कैटरर्स एसोसिएशन ने सरकार से की सप्लाई बहाल करने की मांग

कोटा, (निसं)। केन्द्र सरकार द्वारा कमर्शियल गैस सिलेंडरों की सप्लाई पर रोक लगाए जाने से हाड़ौती क्षेत्र में चल रहे शादी-विवाह के सीजन के बीच कैटरिंग व्यवसाय बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। गैस की कमी के कारण हलवाइयों और कैटरर्स के सामने भोजन तैयार करने को लेकर गंभीर संकट खड़ा हो गया है, जिससे विवाह समारोहों की व्यवस्थाएं भी प्रभावित होने लगी हैं।

हाड़ौती हलवाई कैटरर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सचिन माहेश्वरी ने इस संबंध में बयान जारी करते हुए कहा कि वर्तमान समय में क्षेत्र में विवाह समारोहों का चरम सीजन चल रहा है और ऐसे आयोजनों में बड़ी मात्रा में कमर्शियल गैस सिलेंडरों का उपयोग किया जाता है। अचानक सप्लाई बंद होने से कैटरिंग व्यवसाय से जुड़े लोगों के सामने भोजन व्यवस्था को लेकर बड़ी परेशानी खड़ी हो गई है। उन्होंने बताया कि कई स्थानों पर पहले से तय कार्यक्रमों के लिए हलवाइयों और कैटरर्स को गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं, जिससे भोजन बनाने की तैयारियां प्रभावित हो रही हैं।

ऐसे में आयोजनकर्ताओं और सेवा प्रदाताओं दोनों के सामने असमंजस की स्थिति बन गई है। सचिन माहेश्वरी ने कहा कि सरकार को कमर्शियल गैस सिलेंडरों की सप्लाई पर लगी रोक को तुरंत प्रभाव से हटाना चाहिए, ताकि विवाह समारोहों सहित अन्य आयोजनों में भोजन व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित हो सके।

उनका कहना है कि इस निर्णय से जहां शादी-विवाह करने वाले परिवारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, वहीं हलवाई और कैटरिंग व्यवसाय से जुड़े लाखों लोगों की रोजी-रोटी पर भी असर पड़ रहा है। एसोसिएशन के अनुसार कमर्शियल गैस सिलेंडरों की डिलीवरी प्रभावित होने का असर केवल विवाह समारोहों तक ही सीमित नहीं है। हॉस्टल, रेस्टोरेंट, ढाबों और अन्य खाद्य व्यवसायों में भी गैस की कमी के कारण कामकाज बाधित हो रहा है।

हाड़ौती हलवाई कैटरर्स एसोसिएशन ने सरकार से मांग की है कि स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जल्द से जल्द कमर्शियल गैस सिलेंडरों की सप्लाई बहाल की जाए, ताकि कैटरिंग और खाद्य व्यवसाय से जुडे लोगों को राहत मिल सके और शादी-विवाह के कार्यक्रम सुचारु रूप से संपन्न हो सकें।

नाम परिवर्तन

पूर्व में मेरा नाम मीना बाई था अब मैंने अपना नया नाम मीना बाई मीना रख लिया है। भविष्य में मुझे मीना बाई मीना के नाम से ही जाना पहचाना जावे।
पता-मीना बाई मीना फ्लेट नं. 1202 बी ब्लोक आनन्दम अर्पोटमेन्ट देवाशिष सिटी बोरखेडा कोटा

खोया पाया

मेरे आ.सं. 2-D-5 विकास नगर बूंदी के मूल असल दस्तावेज निरस्तरीकरण पत्र, एवं अनुज्ञा पत्र कहीं गुम हो गये है। जिस किसी सज्जन को मिले कृप्या सूचित करें। आशा असावा W/o अशोक असावा नि. 2-D-5 वि. न. बूंदी M. 9772820000

कार्यालय नगर परिषद बारां

क्रमांक : नपबा/तामीर शाखा/2026/12171 दिनांक : 9.3.26

सार्वजनिक विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री कमलेश कुमार पुत्र श्री रतनलाल निवासी बारां का आवेदन नाम हस्तान्तरण चाहने वास्ते प्राप्त हुआ है। जिसमें पट्टा विलेख क्रमांक 96 दिनांक 28.07.2000 एकल भूखण्ड संख्या माप 94336.69 वर्गगज वाके नाकोड़ा कॉलोनी योजना का श्रीमति तेज कंवर बाई पत्नी श्री सरदारमल के नाम जारी किया। तत्पश्चात पट्टाधारक द्वारा जर्ये नोटेरीशुदा मुख्तारनामा दिनांक 03.12.2001 से उक्त भूखण्ड को श्री नरेन्द्र कुमार शर्मा पुत्र श्री भैरुलाल को हक प्राप्त करा दिया। श्री नरेन्द्र कुमार शर्मा पुत्र श्री भैरुलाल द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विकय पत्र दिनांक 27.03.2002 से भूखण्ड संख्या 01 माप 1125 वर्गफीट को श्री रतनलाल पुत्र श्री हरिबल्लभ को बेचान कर दिया। जिसमें श्री रतनलाल पुत्र श्री हरिबल्लभ की मृत्यु दिनांक 25.10.2020 से हो जाने के पश्चात कायमुकामो (बद्री बाई पत्नी रतनलाल, अर्चना गुप्ता, सुनिता गोयल, शिल्पा बंसल पुत्रीया रतनलाल) द्वारा जर्ये नोटेरीशुदा सहमति पत्र दिनांक 12.02.2026 से उक्त भूखण्ड को उक्त भूखण्ड का नाम हस्तान्तरण श्री कमलेश कुमार पुत्र श्री रतनलाल के नाम करने चाहते है। आवेदक ने इसी आधार पर उक्त भूखण्ड का नाम हस्तान्तरण अपने नाम चाहता है। उक्त सम्पत्ति के संबंध में अन्य किसी को आपत्ति हो तो अन्तर 7 दिवस में आपत्ति मय दस्तावेजो के साथ कार्यालय हजा में प्रस्तुत करे। बाद अवधि गुजर जाने पश्चात आपत्ति मान्य नही होगी।

कोटा विकास प्राधिकरण

क्रमांक : एफ 7/डी.टी.पी./2026/ राजकाज रेफरेंस नंबर/542-47 दिनांक : ई हस्ताक्षर

विज्ञप्ति

राज्य सरकार द्वारा भू-उपयोग परिवर्तन के बनाये गए नियमों/प्रपत्रों के अन्तर्गत एवं राज्य सरकार की अधिसूचना दिनांक 24.02.2021 के क्रम में सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित भू-उपयोग परिवर्तन प्रकरण, भू-उपयोग परिवर्तन करने हेतु कोटा विकास प्राधिकरण मे विचाराधीन है, जिसकी विस्तृत जानकारी निम्नानुसार है, के भू-उपयोग परिवर्तन बाबत् किसी को आपत्ति हो तो 15 दिवस मे कोटा विकास प्राधिकरण में प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नही किया जा सकेगा।

क्र. सं.	आवेदक का नाम	भूखण्ड सं./ योजना का नाम	योजना/मास्टर प्लान अनुसार भू-उपयोग	प्रस्तावित भू-उपयोग परिवर्तन	क्षेत्रफल
1.	श्रीमति रजनी सैनी पत्नि श्री जसवन्त सिंह	पुनर्गठित भूखण्ड सं. A-1, A-2, A-23, A-24, A-25, A-26, A-27 योजना वर्धमान नगर ग्राम नान्ता, कोटा	सामान्य व्यवसायिक	पेट्रोल पम्प	1066.26 वर्गमीटर

उप नगर नियोजक कोटा विकास प्राधिकरण

आम सूचना

श्री नवीन सोनी पुत्र श्री प्यारे लाल सोनी एवं श्रीमती ममता सोनी पत्नी प्यारे लाल सोनी निवासी सी-410, तलवण्डी, कोटा (राज.) द्वारा उनके स्वामित्व के प्लॉट नं. 102-सी, तलवण्डी, कोटा (राज.) को बैंक ऑफ बडौदा, कोटा में साम्यक् बंधक रख ऋण हेतु आवेदन किया है।
यह कि श्री योगेश्वर स्वरूप को उक्त प्लॉट नं. 102-सी, तलवण्डी, कोटा (राज.) नगर विकास न्यास, कोटा द्वारा आवंटित किया गया था। श्री योगेश्वर स्वरूप द्वारा एक मुख्तारनामा श्री राम प्रसाद मेहरा के पक्ष में दिनांक 11.04.86 को निष्पादित किया गया। नगर विकास न्यास, कोटा द्वारा श्री योगेश्वर स्वरूप जरिये मुख्तार आम राम प्रसाद मेहरा के पक्ष में दिनांक 17.12.86 को लीज डीड निष्पादित की गई, जिसका पंजीयन उप पंजीयक कार्यालय कोटा में दिनांक 18.12.86 को हो रहा है। तत्पश्चात् श्री राम प्रसाद मेहरा जरिये मुख्तार आम श्री योगेश्वर स्वरूप द्वारा उक्त प्लॉट को तीन भागों में जरिये तीन रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 20.02.87 से श्रीमती माया देवी, प्रेम ठाकुर एवं राजकुमार ठाकुर पिसरान् गिरधारी लाल ठाकुर को विक्रय किया गया। तब से ही श्रीमती माया देवी, प्रेम ठाकुर एवं राजकुमार ठाकुर उक्त प्लॉट पर मालिक व काबिज चले आ रहे है। तत्पश्चात श्रीमती माया देवी का देहान्त हो जाने के उपरान्त उनके विधिक वारिसान राजकु